# Maharaja Agrasen College, Jagadhri

## Activities of Department of Physical Education

### Session :- 2020-2021

**Body Mass Index survey** conducted by Physical Education Department, with sample of 267 students of college.

# Survey: 23 % college students underweight, 11% overweight

TRIBUNE NEWS SERVICE

### 15% URBAN STUDENTS OVERWEIGHT

The survey also revealed that about 15 per cent of the urban students were overweight in comparison to about 8 per cent rural students.

YAMUNANAGAR, MAY 23

About 62 per cent students fall in the normal weight category whereas 23 per cent underweight and 11 per cent were found overweight with about 4 per cent obese.

The findings emerged in the body mass index survey conducted by the physical education department of Maharaja Agrasen College, Jagadhri, with a sample of 267 students of the college.

According to information, the gender wise analysis of data revealed that only 50 per cent of the girls were in normal weight category while 68 per cent boys maintained normal weight. "It clearly indicates that around half of the girls require health intervention as about 34 per cent of them keep lower weight while 14 per cent are overweight and 2 per cent obese," said Prof Hemraj Kaushish, head of the department of physical education of the college. The survey also revealed that about 15 per cent of the urban students were overweight in comparison to about 8 per cent rural students.

It was further revealed that about 31 per cent of urban girls were underweight in comparison to about 40 per cent of the rural girls while 16 per cent of the urban girls and 9 per cent of the rural girls were found overweight. Over 3 per cent of the urban girls were found obese while none from among girls from rural areas.

"The survey reveals a notable gap between rural and urban students as about 13 per cent rural boys and 21 per cent urban boys are underweight while 13 per cent of the urban and 8 per cent rural boys are overweight. It was also noticed that about 3 per cent of the urban boys and 4.45 per cent of rural boys are obese," said Prof Hemraj Kaushish.

Principal of the college Dr PK Bajpai expressed his satisfaction that about 62 per cent of the students were healthy but also shown his concern that there were a good chunk in both rural and urban areas who needed immediate intervention in terms of health and nutrition education and holistic well-being.

The Tribune Mon, 24 May 2021
https://epaper.tribuneindia.com/c/60657266

# बॉडी मास इंडेक्स सर्वे में 61.80 फीसद विद्यार्थी सामान्य भार से अधिक मिले

**सर्वेक्षण**

- 23 फीसद विद्यार्थी अल्प व 11 फीसद अति भार वर्ग में मिले
- शहरी छात्राओं का सामान्य भार 49.15 फीसद रहा

**जागरण संवाददाता, अग्रोहा :** महाराजा अग्रसेन कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों का बॉडी मास इंडेक्स सर्वे किया गया। इसमें 267 विद्यार्थियों के नमूने इकट्ठे हुए। जिसके आधार पर ज्ञात हुआ कि कालेज के 61.80 फीसद विद्यार्थी सामान्य भार में आते हैं। जबकि 23.23 फीसद विद्यार्थी अल्प भार में व 11.23 फीसद विद्यार्थी अति भार वर्ग में आते हैं। स्थूलता का फीसद 3.74 रहा। सर्वेक्षण के दूसरे चरण में लिंग के आधार पर लड़के और लड़कियों के बीएमआई का विश्लेषण किया गया। इसमें लड़कों के सामान्य भार का फीसद 68, अल्प भार में 17.71 फीसद, अति भार में 9.72 फीसद तथा स्थूलता का फीसद 4.57 रहा। जबकि लड़कियों के सामान्य भार का फीसद 50 रहा और अल्प भार में 33.69 फीसद, अति भार में 14.14 फीसद तथा स्थूलता का विद्यार्थी 2.17 रहा।

शहरी विद्यार्थियों के सामान्य भार का फीसद 63.66 फीसद रहा जबकि ग्रामीण विद्यार्थियों के सामान्य भार का फीसद 62.75 रहा। अगर अल्प भार की बात करें तो शहरी विद्यार्थियों का 21.31 फीसद रहा और ग्रामीण विद्यार्थियों का फीसद 24.82 रहा। अति भार की बात करें तो शहरी विद्यार्थियों का फीसद 14.75 रहा जबकि ग्रामीण विद्यार्थियों का फीसद 8.27 रहा। यह देखने को मिलता है कि शहरी विद्यार्थी अतिभार में ज्यादा आते हैं, शहरी विद्यार्थियों के स्थूलता का फीसद 3.28 रहा जबकि ग्रामीण विद्यार्थियों का फीसद 4.12 रहा। चौथा विश्लेषण शहरी और ग्रामीण लड़कियों का किया गया जिसमें शहरी लड़कियों के सामान्य भार का फीसद 49.15 है जबकि ग्रामीण लड़कियों का सामान्य भार का फीसद 51.51 रहा।

# बॉडी मास इंडेक्स सर्वे सामान्य भार श्रेणी में 62 प्रतिशत विद्यार्थी

जगाधरी, 23 मई (निस)

महाराजा अग्रसेन कालेज जगाधरी के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में सभी विद्यार्थियों का बीएमआई (बॉडी मांस इंडेक्स) सर्वे किया गया जिसमें 267 विद्यार्थियों के नमूने इकट्ठे किये गये। कालेज के प्रिंसिपल डॉ. पीके बाजपेयर ने बताया कि सर्वे के आधार पर ज्ञात हुआ कि कॉलेज के 61.80 प्रतिशत विद्यार्थी सामान्य भार में आते हैं। वहीं जबकि 23.23 प्रतिशत विद्यार्थी अल्प भार में व 11.23 प्रतिशत विद्यार्थी अति भार वर्ग में आते हैं।

उन्होंने बताया कि स्थूलता का प्रतिशत 3.74 रहा। डॉ. बाजपेयी ने बताया कि सर्वेक्षण के दूसरे चरण में लिंग के आधार पर लड़के और लड़कियों के बीएमआई का विश्लेषण किया गया जिसमें लड़कों के सामान्य भार का प्रतिशत 68, अल्प भार में 17.71 प्रतिशत, अति भार में 9.72 प्रतिशत तथा स्थूलता का प्रतिशत 4.57 रहा जबकि लड़कियों के सामान्य भार का प्रतिशत 50 रहा और अल्प भार में 33.69 प्रतिशत, अति भार में 14.14 प्रतिशत तथा स्थूलता का प्रतिशत 2.17 रहा। विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि लड़कियों के सामान्य भार का प्रतिशत लड़कों से काफी कम है।

दैनिक भास्कर
यमुनानगर भास्कर 24-05-2021

# अग्रसेन कॉलेज में 61.80 प्रतिशत स्टूडेंट्स में ही सामान्य भार मिला

**यमुनानगर** | महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी के शारीरिक शिक्षा विभाग ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के उद्देश्य से बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) सर्वे किया। 267 विद्यार्थियों का वजन जांचा गया। इसमें सामने आया कि कॉलेज के 61.80 प्रतिशत विद्यार्थी सामान्य भार में आते हैं। जबकि 23.23 प्रतिशत विद्यार्थी अल्प भार में और 11.23 प्रतिशत विद्यार्थी अति भार वर्ग में आते हैं। स्थूलता का प्रतिशत 3.74 रहा। पांच चरणों में यह सर्वे किया गया। इसमें लड़के और लड़कियों का अलग। वहीं, शहर और गांव के स्टूडेंट्स पर भी सर्वे किया गया। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. हेमराज ने बताया कि सर्वेक्षण प्राचार्य डॉ. पीके वाजपेयी के मार्गदर्शन में किया गया।

Like Commen

1. On the occasion of **International Yoga Day** (21-06-2021), The Department of Physical Education celebrated Yoga Day under the **'Parivar Sang Yoga'** campaign.

# महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, जगाधरी

## सूचना

**17.06.2021**

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2021

## परिवार संग योग

स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा विभाग, वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2021 का आयोजन ऑनलाइन ही करवा रहा है।

सभी विद्यार्थियों व स्टाफ के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21-06-2021 को मनाया जाएगा, जिसमें सभी विधार्थी एवं स्टाफ के सदस्य दिनांक 21-06-2021 को सुबह 6 बजे से 7 बजे के बीच योग से संबंधित आसन, प्राणायाम और सुर्य नमस्कार करेंगे। योग करने के तुरंत बाद अपने परिवार सहित योग करते हुए दो-तीन फोटो या छोटी वीडियो बनाकर अपना नाम, क्लास व रोल नंबर सहित इस ईमेल पते पर sportsmacjagadhri@gmail.com पर भेजे तथा #macyoga लिखकर सोशल मीडिया (फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर व अन्य) पर भी शेयर करें।

अच्छे पोज वाली फोटो को कॉलेज की वेबसाइट व मैगजीन में स्थान मिलेगा।

अधिक जानकारी हेतु श्री हेमराज कौशिश प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा (मोबाइल नं 9416113613) से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य








U.S. POLO ASSN.




NIKE





## परिवार संग किया योग

यमुनानगर। महाराजा अग्रसेन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस परिवार संग योग मुहिम के अंतर्गत मनाया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष हेमराज कौशिक ने बताया कि प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी के मार्गदर्शन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक परिवारों को योग से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया औप इस मुहिम का नाम परिवार संग योग रखा गया। मुहिम से विद्यार्थियों, स्टाफ के सदस्यों व सामान्य नागरिकों के परिवारों को योग के साथ जोड़ा गया। योग दिवस ऑनलाइन ही मनाया गया। सभी ने अपने परिवार के साथ योग की क्रियाओं में हिस्सा लिया और तस्वीरें साझा की। संवाद

---

PKBajpai

Dr. P.K. Bajpai
Principal

Hemraj Kaushish
Assistant Professor in Physical Education